



# विधायक की सीवेज सिस्टम की पहल पर शुरु हुआ अमल

## सीधी शहर में समग्र सीवर सिस्टम डीपीआर के लिए सीएमओ नपा सीधी ने प्रमुख अभियंता एमपीयूडीसी भोपाल को भेजा पत्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 सितंबर, विधायक की सीवेज सिस्टम की पहल पर अमल शुरु हो गया है। सीधी शहर में समग्र सीवर सिस्टम डीपीआर हेतु सीएमओ नपा सीधी ने प्रमुख अभियंता एमपीयूडीसी भोपाल को पत्र भेजा है।**

सीधी शहर के व्यवस्थित विकास और जल निकासी की समस्या से राहत दिलाने के लिए सीवर सिस्टम के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीपीआर तैयार होना है। इसी सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत परियोजना प्रतिवेद तैयार की जाएगी। रिपोर्ट फाइनल होने के बाद ही सीवर लाइन निर्माण का मुख्य कार्य धरातल पर शुरू होगा। स्थानीय स्तर पर सीधी विधायक रीती पाठक द्वारा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं और आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमपीयूडीसी) की टीम द्वारा सीवर लाइन के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है। सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जाएगा।इस योजना के पूरा होने से सीधी शहर को जलभराव, गंदगी और पारंपरिक ड्रेनेज फेलियर जैसी समस्याओं से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यह माना जा रहा है कि डीपीआर तैयार होने के बाद आवश्यक बजट का आकलन भी सामने आ जायेगा। बजट स्वीकृति के बाद धरातल पर कार्य शुरू होने की राह भी प्रशस्त हो जायेगी। सीवेज सिस्टम बनने से शहर में बरसात के दिनों में जल भराव की बड़ी समस्या से भी स्थाई तौर पर निजात मिल जायेगा।



### इनका कहना है

सीधी शहर में सीवेज सिस्टम का कार्य सार्थक तरीके से पूरा हो सके इसके लिए उनके द्वारा भोपाल स्तर पर सभी प्रयास किए गए हैं। अब आगे कार्य सही तरीके से शुरू हो इसके लिए भी पहल होगी।



**रीती पाठक, विधायक सीधी**

शासन स्तर से इसका सर्वे एवं डीपीआर बनाने का कार्यवाही चल रही है । आगे क्या कार्यवाही हुई इसकी जानकारी 15 -20 दिन बाद ही पता चलेगी।



**महमूद हसन,सीएमओ, नपा -सीधी**

### डीपीआर में इन बिंदुओं को शामिल कराने का प्रयास

नगर पालिका सीधी की ओर से सीवर व्यवस्था के डीपीआर में विशेष रूप से 11 बिंदुओं को सम्मिलित किये जाने की अपेक्षा की गई है। इनमें नगर के संपूर्ण क्षेत्र का बेसलाइन एवं टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण। वार्डवार जनसंख्या एवं भविष्य की जनसंख्या का आकलन करते हुए वर्तमान जल निकासी एवं सीवर व्यवस्था का सर्वेक्षण एवं मैपिंग। सीवर नेटवर्क का हायड्रुलिक डिजाइन एवं नेटवर्क लेआउट। मुख्य ट्रंक सीवर, सब-मेन एवं ब्रांच सीवर लाइनों का प्रस्ताव। आवश्यकतानुसार सीवर पंपिंग स्टेशन एवं राइजिंग मेन का प्रावधान। घरेलू सीवर कनेक्शन एवं संबंधित चैबर / मैनहोल की व्यवस्था। आवश्यकतानुसार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का डिजाइन एवं क्षमता निर्धारण। ट्रीटेड वेस्ट वाटर के सुरक्षित निस्तारण / पुनः उपयोग की व्यवस्था। कार्य की विस्तृत बीओक्यू , टेक्निकल स्पेशिफिकेशन एवं कास्ट इस्टीमेट । आवश्यकतानुसार ओ एण्ड एम कास्ट एवं परियोजना की दीर्घकालीन संचालन व्यवस्था। परियोजना के लिए संभावित वित्तीय स्रोत /योजना के अनुरूप प्रस्ताव तैयार किया जाना। नगर पालिका परिषद सीधी की ओर से अनुरोध किया गया है कि उक्त कार्य हेतु एमपीयूडीसी की सक्षम तकनीकी टीम को आवश्यक निर्देश प्रदान कर नगर या विस्तृत सर्वेक्षण कराते हुए सीवर सिस्टम की डीपीआर तैयार कराने की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करें ताकि शासन स्तर से परियोजना की स्वीकृति एवं वित्तीय व्यवस्था हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा सके।



# झूठे एससी,एसटी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

## आंदोलन की चेतावनी

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सीधी के जिला अध्यक्ष राकेश दुबे ने चुरहट थाना क्षेत्र के ततैया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक संत मुनि शर्मा के विरुद्ध दर्ज एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के प्रकरण को लेकर कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन के माध्यम से प्रकरण की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराने तथा मामले में तहसीलदार सुषमा देवी रावत की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने आरोप लगाया है कि ग्राम सर्रा की आराजी से संबंधित मामले में संत मुनि शर्मा द्वारा तहसीलदार के समक्ष वस्तुस्थिति के अनुरूप प्रतिवेदन भेजने का अनुरोध किया गया था। संगठन का कहना है कि तहसीलदार द्वारा उपखंड अधिकारी न्यायालय को कथित रूप से गलत प्रतिवेदन भेजे जाने के बाद आवेदक ने इसकी शिकायत की। आरोप है कि शिकायत से नाराज होकर तहसीलदार ने न्यायालय परिसर में संत मुनि शर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया तथा उन्हें अपमानित कर बाहर निकाल दिया। संगठन के अनुसार घटना के बाद थाना चुरहट में संत मुनि शर्मा के विरुद्ध अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज का दावा है कि तहसील न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध हो सकता है। संगठन ने मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज सहित सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। जिला अध्यक्ष राकेश दुबे ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने, यदि प्रकरण तथ्यहीन पाया जाता है तो निर्दोष व्यक्ति को राहत दिलाने तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि पांच दिनों के भीतर मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं आमजन के सहयोग से चुरहट बाजार बंद कर आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने कहा है कि आंदोलन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



# सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया में कृष्ण रूप सज्जा आयोजित

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया सीधी में कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरती पाण्डेय पूर्व प्राचार्य एवं व्याख्याता संदीपनी स्कूल सीधी, अध्यक्ष पूनम सोनी पार्षद एवं भाजपा महिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा रीवा प्रभारी, विशिष्ट अतिथि नीतू सिंह जनपद पंचायत सदस्य रामपुर सीधी, किरण सिंह अभिभाविका, संगीता सिंह व्याख्याता रहीं।**

कार्यक्रम की पृष्ठभूमि बताते हुए प्राचार्य राजकुमार सिंह ने कहा कि जिसकी जैसी वेशभूषा होगा, वैसा ही उसका चरित्र चित्रण बनता है। इसी उद्देश्य को लेकर भैया-बहनों में कृष्ण के गुणों का विकास करने हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें बच्चों में पढ़ने की आदत का विकास करने के लिए उनके सामने मोबाइल से दूर रहना चाहिए। उनके पढ़ते समय हम उनके सहयोगी बनकर रहें। मुख्य अतिथि ने कृष्ण-राधा बने भैया बहनों की सराहना करते हुए कहा कि भगवान की कृपा हम सब पर बनी रहे। कृष्ण के जीवन पर लघु नाटिका, गीत आदि का मंचन किया गया। इसमें पूनम सोनी ने कहा कि कृष्ण का जीवन चरित्र बोलते समय ऐसा लगता है कि शुरुआत कहां से करें, क्योंकि वो विराट स्वरूप हैं। कृष्ण ने हमें सिखाया है कि यह धरती बच्चों की नटखट भर से नहीं, अपितु प्रेम से चलती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य बृहस्पति प्रसाद मिश्रा और आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य से राम शिरोमणि शर्मा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की दीदी सुमन पाण्डेय, आरती त्रिपाठी, लक्ष्मी तिवारी, आभा तिवारी, सीमा सिंह, प्रतीक्षा द्विवेदी, अमृत लाल सोनी एवं सभी आचार्य-दीदी व भैया-बहन तथा अभिभावक लोग उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह मनाया गया धूमधाम से

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। पूजा पार्क गायत्री मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। वृंदावन से पधारे कथावाचक बांके बिहारी शास्त्री जी महाराज ने कथा का विस्तार से वर्णन किया, छठे दिन की कथा के मुख्य यजमान राजू मौर्य, राजेश गुप्ता रहे।**

पूर्व पार्षद महेंद्र सिंह एवं सुखराज सिंह ने प्रसाद का वितरण कराया। रुक्मणी ने श्रीकृष्ण को मन ही मन पति माना। शास्त्री जी ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और माता लक्ष्मी का अवतार थी। देवर्षि नारद के मुख से भगवान श्रीकृष्ण के रूपए सौंदर्य और गुणों का वर्णन सुनकर रुक्मणी ने मन ही मन उन्हें अपना पति स्वीकार कर लिया था। उन्होंने बताया कि रुक्मणी का भाई रुक्मी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और उसका विवाह शिशुपाल से कराना चाहता था। जब रुक्मणी को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने एक ब्राह्मण के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के पास संदेश भेजा श्रीकृष्ण रुक्मणी को लेकर पहुंचे द्वारिका, रुक्मणी का संदेश मिलने के बाद भगवान श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और उनकी इच्छा के अनुसार उन्हें अपने साथ ले गये मार्ग में रुक्मी ने श्रीकृष्ण को रोककर युद्ध किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने उसे पराजित कर दिया।



### श्रीमद्भागवत कथा सुनने में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य यजमान प्रथम दिन महेंद्र सराफ, दूसरे दिन के अंशुमान सिंह चौहान, तीसरे दिन विवेक आनंद सिंह चौहान दीपू, सुरेश सोनी, चौथे दिन रश्मि रमेश गुप्ता, राजमणि सिकरवार पांचवें दिन हरिहर सोनी गीता वर्मा, ममता सत्य प्रसाद नामदेव, चंद्रकला रामचंद्र सोनी, शांतिश्यामलाल सोनी, निर्मला सुरेंद्र नामदेव, श्रीमती रंजीता धीरेंद्र नामदेव, नीतू बृजेंद्र नामदेव, चंदा वैशाली नामदेव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में संवेदनशीलता से राहत उपलब्ध कराएं : विकास

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिले में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों, प्रकरणों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।**

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व से जुड़े कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखते हुए आमजन को शासन की सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराया जाए। बैठक में प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाली जनहानि, पशुहानि एवं मकान क्षति के प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों में प्रभावित परिवारों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों का परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही पूरी तत्परता से की जाए। पात्र हितग्राहियों को शासन के प्रावधानों के अनुसार राहत राशि उपलब्ध कराने की कार्यवाही में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राकृतिक आपदा से संबंधित प्रकरणों में मौके पर आवश्यक जांच एवं पंचनामा आदि की कार्यवाही समय पर पूरी की जाए तथा पात्रता के आधार पर प्रभावितों को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने भू-अर्जन से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। रेलवे, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग सहित संबंधित विभागों से जुड़े भू-अर्जन प्रकरणों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।



### राजस्व वसूली की समीक्षा कर दिए निर्देश

कलेक्टर ने जिले में राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा लंबित वसूली प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वसूली में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से संबंधित जानकारी के डिजिटलीकरण एवं फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके, इसके लिए आवश्यक डाटा एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, उपखंड अधिकारी मझौली आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, उपखंड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, सिहावल राकेश शुक्ला, चुरहट अजय शर्मा, कुसमी सागर जैन, डिप्टी कलेक्टर स्वर्णा दीवान सहित समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# एनकॉर्ड समिति की बैठक में नशे के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चर्चा

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। कलेक्टर विकास मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी की उपस्थिति में सोमवार को जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती की रोकथाम के साथ नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी सूचनाओं का संबंधित विभाग आपस में नियमित रूप से आदान-प्रदान करें। तस्करी में शामिल अंतर्राज्यीय गिरोहों, उनके सदस्यों और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जिले में अफीम, भांग सहित अन्य मादक फसलों की अवैध खेती पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अवैध खेती वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ लोगों को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने को कहा गया। इन क्षेत्रों में खेती के वैकल्पिक साधनों और अन्य विकास गतिविधियों के माध्यम से लोगों को वैध आजीविका के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में स्कूलों और कॉलेजों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशीली दवाओं से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। स्कूलों और कॉलेजों के पास नशे की वस्तुओं की बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिले के मेडिकल स्टोर, क्लीनिक, बिना लाइसेंस इलाज करने वाले झोलाछाप चिकित्सकों और सरकारी दवा आपूर्ति केंद्रों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए।



### बैठक में ये रहे उपस्थिति

बैठक में अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी उपखंड अधिकारी मझौली आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, उपखंड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, सिहावल राकेश शुक्ला, चुरहट अजय शर्मा, कुसमी सागर जैन, सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्रि-स्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2026 के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप-निर्वाचन 2026 ( पूर्वार्द्ध ) के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है।**

अपर कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर उप-निर्वाचन की तैयारियों एवं निर्वाचन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न कार्यों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार मतदान दलों का गठन एवं उससे संबंधित संपूर्ण कार्य के लिए डिप्टी कलेक्टर स्वर्णा दीवान को नोडल अधिकारी तथा डीआईओ, एनआईसी दशरथ प्रजापति को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतपत्रों के मुद्रण, प्रूफ रीडिंग, मतपत्रों के मिलान, रख-रखाव तथा रिटर्निंग ऑफिसरों को मतपत्र उपलब्ध कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय सीधी को सौंपी गई है।

इसी प्रकार निर्वाचन कार्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करने एवं प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण कार्य में सहयोग के लिए संजय गांधी महाविद्यालय सीधी के प्राध्यापक डॉ. केबी सिंह एवं डॉ. एके त्रिपाठी को नियुक्त किया गया है। रूट चार्ट तैयार करने, वाहनों का आकलन एवं अधिग्रहण, पीओएल की व्यवस्था तथा वाहन अधिग्रहण से संबंधित संपूर्ण कार्य के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रिया पाठक को नोडल अधिकारी तथा जिला परिवहन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल तैयार करने, निर्वाचन सामग्री के वितरण एवं वापसी तथा मतगणना स्थल पर आवश्यक बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में आयोजित प्रशिक्षण स्थलों पर बैठक व्यवस्था, लाउडस्पीकर, प्रोजेक्टर तथा जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जिला सीधी को दायित्व सौंपा गया है।

# एआई एवं फिनटेक प्रशिक्षण के लिए चयन परीक्षा आज

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीधी में अध्ययनरत स्नातक तृतीय वर्ष ( बीए, बीएससी, बीकॉम ) तथा स्नातकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष ( एमए, एमएससी, एमकॉम ) के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई एवं फिनटेक प्रशिक्षण का विशेष अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर सिंह ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के औद्योगिक इंटरफेस एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इसके तहत स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक, डेटा विश्लेषण और वित्तीय तकनीकों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों में दक्ष बनाकर रोजगार एवं तकनीकी अवसरों से जोड़ना है। इस प्रशिक्षण के लिए महाविद्यालय से 32 विद्यार्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयन हेतु लिखित परीक्षा 8 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक एलएमएस के माध्यम से आयोजित होगी। महाविद्यालय प्रशासन ने पात्र छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय पर परीक्षा में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# मनु स्मृति की आलोचना एवं संविधान लहराने वाले नकारात्मक शक्तियों से रहे सावधान : डॉ . राजेश

- भाजपा की विस्तारित कार्य समिति बैठक

नवभारत, न्यूज

**सीधी 07 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी की बृहद जिला कार्य समिति की बैठक लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और धौंहनी विधायक एवं प्रवक्ता कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्र शरण सिंह चौहान, केके तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुई।**

कार्य समिति को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कृतित्व एवं व्यक्तित्व करोड़ों-करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। मोदी जी के करिश्माई व्यक्तित्व ने भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया है। मुस्लिम राष्ट्रों से लेकर विकसित राष्ट्रों ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदान किया है। यह कार्य समिति इस पर गर्व करती है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने बड़े ही आक्रामक अंदाज में विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग मनुस्मृति की एबीसीडी नहीं जानते, वे लोग देश को गुमराह करने का काम और आपस में लड़ाने के लिए अंग्रेजों वाली पद्धति फूट डालो राज्य करो की रणनीत कार्य कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जातिवाद, भाषावाद, नक्सलवाद एवं विभिन्न प्रकार के बाद फैलाकर संविधान की दोहाइयां देकर, संविधान की हत्या एक बार नहीं कई बार करने का जिन पर आरोप है, ऐसे लोग आज संविधान की दुहाई देते हुए घूम रहे हैं। देश की जनता जनार्दन को ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सांसद डॉ. मिश्रा ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र में रेलए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों को गिनाते हुए कहा कि हजारों करोड रुपए के कार्य स्वीकृत हुए हैं।

चारों ओर चकाचक फोरलेन सड़के, रीवा से फ्लाइट एवं सीधी तक जल्द ही विकास की रफ्तार कहे जाने वाली रेल पहुंचने वाली हैं। जिसका कार्यकर्ताओं ने तालिया की गड़गड़ाहट के साथ अभिनंदन किया। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने प्रदेश सरकार की सैकड़ो जनकल्याणकारी योजनाओं लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी सहित सैकड़ो योजनाओं का बखान किया। इसके साथ ही विधानसभा में हुए क्रांतिकारी बदलाव की भी विस्तृत चर्चा की। धौहनी विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देश के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा।



### हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक का सर्वांगीण विकास : देव कुमार

अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता के लिए चुनाव नहीं लड़ती बल्कि प्रत्येक नागरिक का भरोसा, विश्वास और विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। हमारा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से जनता जनार्दन तक पहुंचाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कार्य समिति से आग्रह किया कि वे सभी पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों का ईमानदारी से जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करें। हर लाभार्थी तक संपर्क, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति, बूथ समिति, पंच परमेश्वर, त्रिदेव यह हमारे कार्य के आधार हैं।